उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## गुरूवार, 17 माघ, शक संवत्, 1935

**( दिनांक : 06 फरवरी, 2014 )**

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. प्रश्न (देखिए नत्थी **"क"**)।

2. निधन के निदेश।

3. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

4. श्री सहदेव सिंह पुण्डीर, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद देहरादून के विकास खण्ड सहसपुर के ग्राम ढाकोवाली रोड़ से ग्राम सुद्धोवाला को जाने वाले रास्ते पर देड़ नदी पर पुल निर्माण कराने के सम्बन्ध में'' श्री कशमीर सिंह, निवासी ग्राम-सुद्धोवाला, तहसील-विकास नगर, जनपद-देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

5. श्री सहदेव सिंह पुण्डीर, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद देहरादून के विकास खण्ड सहसपुर के ग्राम पोड़वाला, राजावाला, भगवानपुर, भारतपुर, भाऊवाला अट्कफार्म तेलपुरा के कच्चे मार्ग को पक्का बनाने के सम्बन्ध में'' श्री यशपाल सिंह नेगी, निवासी-ग्राम पोड़वाला, तहसील-विकास नगर, जनपद-देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

6. श्री सहदेव सिंह पुण्डीर, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद देहरादून के विकास खण्ड सहसपुर के ग्राम सभा कण्डौली के ग्राम पालावाली व लोअर कण्डौली में आवागमन हेतु गुलाटा नदी पर पुल बनाने के सम्बन्ध में'' श्री सुनील सिंह रमोला, निवासी-ग्राम पालावाली लोअर कण्डोली, तहसील-विकास नगर, जनपद-देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

7. श्री सहदेव सिंह पुण्डीर, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद देहरादून के विकास खण्ड सहसपुर के ग्राम सभा शंकरपुर की कृषि भूमि की सिंचाई हेतु सिंचाई नलकूप की स्वीकृति के सम्बन्ध में'' श्री रबीन्द्र सिंह, निवासी-ग्राम सभा शंकरपुर, तहसील-विकास नगर, जनपद-देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

8. श्री नवप्रभात, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद देहरादून के विकास खण्ड विकासनगर की ग्राम सभा नवाबगढ की यमुना नदी से क्षतिग्रस्त् कृषि भूमि की बाढ़ सुरक्षा कार्य स्पर न0-2 के पुनर्निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री वहीद निवासी, ग्राम-नवावगढ़ ग्रामसभा नवावगढ, पो0 व तहसील-विकास नगर, जनपद-देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

9. श्री नव प्रभात, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद देहरादून के विकास खण्ड विकासनगर की ग्राम सभा प्रतीतपुर के बाडी नाले से हो रही क्षति से ग्रामीण बस्ती की बाढ़ से सुरक्षा के सम्बन्ध में'' श्री अजब सिंह, निवासी, ग्राम-प्रतीतपुर, ग्राम सभा-प्रतीतपुर, पो0-धर्मावाला, तहसील विकासनगर, जनपद-देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

10. श्री नव प्रभात, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद देहरादून के विकास खण्ड विकासनगर की ग्राम सभा नवाबगढ़ की बाढ़ से क्षतिग्रस्त कृषि भूमि की सुरक्षा हेतु यमुना नदी के स्पर न0-4 के पुनर्निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री वहीद, निवासी-ग्राम नवाबगढ़, ग्रामसभा-नवाबगढ, पो0 व तहसील-विकास नगर, जनपद-देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

11. श्री नव प्रभात, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद देहरादून के विकास खण्ड विकासनगर की ग्राम सभा नवाबगढ़ की बाढ़ से क्षतिग्रस्त कृषि भूमि की सुरक्षा हेतु यमुना नदी के स्पर न0-1 के पुनर्निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री वहीद, निवासी-ग्राम नवावगढ, ग्रामसभा-नवावगढ़, पो0 व तहसील-विकास नगर, जनपद-देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

12. श्री नव प्रभात, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद देहरादून के विकास खण्ड विकासनगर की ग्राम सभा नवाबगढ की यमुना नदी से क्षतिग्रस्त् कृषि भूमि की बाढ़ सुरक्षा कार्य स्पर न0-3 के पुनर्निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री वहीद, निवासी-ग्राम नवावगढ़, ग्रामसभा-नवावगढ़, पो0 व तहसील-विकास नगर, जनपद-देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

13. श्री नव प्रभात, सदस्य, विधान, ''जनपद देहरादून के विकास खण्ड विकासनगर की ग्राम सभा प्रतीतपुर के स्वानी नाले से हो रही क्षति से ग्रामीण बस्ती की बाढ़ की सुरक्षा के सम्बन्ध में'' श्री नरेश कुमार सैनी निवासी ग्राम प्रतीतपुर पो0 धर्मावाला ग्राम सभा प्रतीतपुर तहसील विकास नगर जनपद देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

14. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

15. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

16. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

17. उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम-315 के खण्ड (22) के अन्तर्गत मा0 अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

(कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी-**"ख"**)

18. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

**(समय : अपराह्न 04:00 बजे)।**

19. वित्त मंत्री, वित्तीय वर्ष 2014-15 का आय-व्ययक प्रस्तुत करेंगे।

20. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

21. विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट के विकास खण्ड पाटी में ग्राम रीठा से ग्राम टॉण तक सड़क निर्माण हेतु प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत अधिगृहीत की गई भूमि का मुआवजा सम्बन्धित जनता को न दिये जाने से उत्पन्न स्थिति के संबंध में श्री पूरन सिंह फर्त्याल, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 21 जनवरी, 2014 को दी गई सूचना पर, मुख्यमंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत वक्तव्य।

22. विधान सभा क्षेत्र-भीमताल के विकास खण्ड धारी के ग्राम धानाचूली में विगत कई वर्षो से लिफ्ट पेयजल योजना की मांग के उपरान्त भी पेयजल योजना की स्वीकृति के सम्बन्ध में कोई कार्रवाई न होने से उत्पन्न जनाक्रोश के संबंध में श्री दान सिंह भण्डारी, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 21 जनवरी, 2014 को दी गई सूचना पर, पेयजल मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत केवल वक्तव्य।

**आज्ञा से,**

**देहरादून :**
**दिनांक : 05 फरवरी, 2014**

**(जगदीश चन्द्र)**
**सचिव।**

# नत्थी ''ख''

**कार्य मंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 05 फरवरी, 2014 की बैठक में दिनांक 06 फरवरी, 2014 से दिनांक 21 फरवरी, 2014 तक के उपवेशन का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिश की हैः-**

**फरवरी, 2014**

06 गुरूवार

वित मंत्री द्वारा वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक का प्रस्तुतीकरण। (अपराह्न 04.00 बजे)

07 शुक्रवार

(1) बजट पर सामान्य चर्चा।

(2) असरकारी कार्य।

1. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 07 दिसम्बर, 2012 को प्रस्तुत नियम-105 के अन्तर्गत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा। (15 मिनट)

   ''यह माननीय सदन केन्द्र सरकार से संस्तुति करता है कि उत्तराखण्ड राज्य को ग्रीन बोनस दिया जाय।''

2. श्री नवप्रभात, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 14 दिसम्बर, 2012 को प्रस्तुत नियम- 105 के अन्तर्गत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा। (15 मिनट)

   ''यह माननीय सदन रेल मंत्रालय केन्द्र सरकार से संस्तुति करता है कि उत्तराखण्ड राज्य जनपद देहरादून के धर्मावाला नामक स्थान को उत्तर प्रदेश के सहारनपुर के निकट्तम स्थान तक सीधे रेल मार्ग से जोड़ने के लिए एक नये रेल मार्ग की स्वीकृति दी जाय।''

3. श्री हेमेश खर्कवाल, श्री मयूख महर एवं श्री गणेश गोदियाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 14 दिसम्बर, 2012 को प्रस्तुत नियम-54 की निम्नलिखित सूचना पर चर्चा। (15 मिनट)

   ''वनों को संरक्षित करना एवं सस्ते गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराना जनहित में अति आवश्यक है।''

4. श्री मदन कौशिक, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 07 दिसम्बर, 2012 को प्रस्तुत निम्नलिखित संकल्प पर चर्चा। (15 मिनट)

   ''इस सदन का सुनिश्चित मत है कि प्रदेश में घरेलू गैस की आपूर्ति में आ रही कठिनाई के कारण प्रदेश की जनता को हो रही परेशानी को दूर करने के लिए एक पारदर्शी नीति बनाई जाय।''

5. श्री हरीश धामी, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 14 दिसम्बर, 2012 को प्रस्तुत नियम-54 की निम्नलिखित सूचना पर चर्चा। (15 मिनट)

> ''विधान सभा क्षेत्र धारचूला के अन्तर्गत कम ऊँचाई के क्षेत्र में मृग विहार बनने से ठप्प हो रहे विकास कार्य के दृष्टिगत मृग विहार बनाने के निर्णय पर पुनर्विचार किया जाय।''

6. श्री मदन कौशिक द्वारा निम्नलिखित संकल्प का प्रस्तुतिकरण एवं चर्चा। (15 मिनट)

> ''इस सदन का सुनिश्चित मत है कि प्रदेश में स्थानीय निकायों (नगर पंचायतों/नगर पालिकाओं/नगर निगमों) में कार्य पद्धति को सुदृढ़ बनाने हेतु स्थानीय निकायों के निर्वाचित सदस्यों/सभासदों/पार्षदों को सम्मिलित करते हुए एक कार्यशाला आयोजित की जाय।''

| | | | |
|---|---|---|---|
| 08 | शनिवार | | अवकाश। |
| 09 | रविवार | | अवकाश। |
| 10 | सोमवार | (1) | बजट पर सामान्य चर्चा। |
| | | (2) | विधायी कार्यः- |
| | | | 1. उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग (संशोधन) विधेयक, 2014 पर विचार एवं पारण। (15 मिनट) |
| 11 | मंगलवार | | बजट पर सामान्य चर्चा। |
| 12 | बुधवार | | बजट पर सामान्य चर्चा। |
| 13 | गुरूवार | | विभागवार अनुदान मांगों का प्रस्तुतीकरण, चर्चा एवं मतदान। |
| 14 | शुक्रवार | | रविदास जयंती (अवकाश) |
| 15 | शनिवार | | अवकाश। |
| 16 | रविवार | | अवकाश। |
| 17 | सोमवार | | विभागवार अनुदान मांगों का प्रस्तुतीकरण, चर्चा एवं मतदान। |
| 18 | मंगलवार | | विभागवार अनुदान मांगों का प्रस्तुतीकरण, चर्चा एवं मतदान। |
| 19 | बुधवार | | विभागवार अनुदान मांगों का प्रस्तुतीकरण, चर्चा एवं मतदान। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 20 | गुरूवार | | विनियोग विधेयक का पुरःस्थापन, चर्चा एवं मतदान। |
| 21 | शुक्रवार | | असरकारी दिवस। |

1. श्री हरिदास, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 14 दिसम्बर, 2012 को प्रस्तुत नियम- 105 के अन्तर्गत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा। (15 मिनट)

    ''उत्तराखण्ड सरकार द्वारा राज्य में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लोगों को संविधान में प्रदत्त व्यवस्था के अन्तर्गत बैकलाग के पदों पर भर्ती प्रक्रिया आरम्भ करने हेतु तत्काल अधिनियम बनाकर पारित किया जाय।''

2. श्री नवप्रभात, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 20 सितम्बर, 2013 को प्रस्तुत नियम-54 की निम्नलिखित सूचना पर चर्चा। (15 मिनट)

    ''दिनांक 22.03.2013 से राज्य में उत्तराखण्ड नैदानिक स्थापना (रजिस्ट्रीकरण और विनियमन) नियमावली वर्ष 2013 लागू हो गयी है।

    उत्तराखण्ड राज्य में चिकित्सा सुविधाओं की स्थिति अभी भी बहुत संतोषजनक नही है विशेषकर सुदूर पर्वतीय क्षेत्रों में तो चिकित्सा सुविधा का लगभग अभाव है।

    राज्य सरकार को चिकित्सा सुविधा विशेषकर सुपर स्पेशिलिटी के क्षेत्र में बहुत अधिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

    हमारे राज्य के निवासियों को सस्ती दरों पर चिकित्सा सुविधा की आवश्यकता है, परन्तु इस नियमावली के प्रावधानों से चिकित्सा सुविधा का खर्च बहुत अधिक बढ़ता हुआ प्रतीत होता है।

    इस स्थिति में राज्य में निजी क्षेत्र में चिकित्सा सुविधा का विकास जनहित में आवश्यक है। निजी क्षेत्र की भागीदारी इस नियमावली पर ही आधारित होगी।

    यह नियमावली केन्द्र सरकार के अधिनियम 2010 पर आधारित हैं। उत्तराखण्ड के विशेष भौगोलिक तथा अवस्थापना स्थितियों के अनुरूप इसे संशोधित तथा परिवर्तित नही किया गया है।

    इण्डियन मेडिकल ऐशोसियेशन **U.A. state Branch** ने इस नियमावली पर अपने सुझाव शासन के समक्ष प्रस्तुत किये है, परन्तु अभी तक समस्या के निदान के लिये कार्यवाही नही हो सकी है।''

3. श्री मदन कौशिक, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 14 दिसम्बर, 2012 को प्रस्तुत नियम–54 की निम्नलिखित सूचना पर चर्चा। (15 मिनट)

> ''प्रदेश में ऊर्जा की कमी को देखते हुए राज्य में ऊर्जा आधारित विकास की सम्भावनाओं पर विचार हेतु एक समिति बनायी जाय जो सरकार को एक निश्चित समय में अपनी रिर्पोट प्रस्तुत करेगी।''

4. श्री नवप्रभात, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 14 दिसम्बर, 2012 को प्रस्तुत नियम–54 की निम्नलिखित सूचना पर चर्चा । (15 मिनट)

> ''जनपद देहरादून के पछवादून क्षेत्र की नदियों में चुगान का कार्य जो गढ़वाल मण्डल विकास निगम तथा वन विकास निगम द्वारा किया जा रहा था, के तीन वर्षो से पूर्णतया बन्द होने के कारण निर्माण सामग्री की लागत बढ़ जाने, सरकारी निर्माण कार्य बाधित होने तथा राजस्व की हानि होने के संबंध में।''

5. डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 07 दिसम्बर, 2012 को प्रस्तुत निम्नलिखित संकल्प पर चर्चा। (15 मिनट)

> ''इस माननीय सदन की सर्व सम्मत राय है कि राज्य सरकार द्वारा जनपद चमोली के अन्तर्गत गैरसैंण (चन्द्रनगर) में उत्तराखण्ड विधान सभा का ग्रीष्मकालीन सत्र प्रतिवर्ष आयोजित किये जाने के निर्णय के दृष्टिगत प्रदेश की वर्तमान अस्थाई राजधानी देहरादून को राजधानी क्षेत्र की सभी सुविधाओं से परिपूर्ण होने के आधार पर स्थाई राजधानी घोषित किया जाय।''

प्रथम सत्र, 2014
का प्रथम गुरूवार

# उत्तराखण्ड विधान सभा

# की कार्यसूची

## गुरूवार, 17 माघ, शक संवत्, 1935

## ( दिनांक : 06 फरवरी, 2014 )

## नत्थी ''क''

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती सरिता आर्या<br>17.12.2013 | *01. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के अभाव के कारण उक्त विद्यालयों के छात्र छात्राओं की संख्या घटती जा रही है तथा गांव में विद्यालय होने के बावजूद अच्छी शिक्षा के अभाव में ग्रामवासियों को अपने बच्चों को अध्ययन करने हेतु दूर के विद्यालयों में भेजना पड़ रहा है ? यदि हां, तो ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों की कमी को पूरा करने हेतु सरकार क्या प्रयास कर रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? उक्त विद्यालयों मे बच्चों की संख्या बढ़ाये जाने हेतु सरकार की भविष्य में क्या योजना है? | **शिक्षा** |
| श्री मयूख महर<br>17.12.2013 | *02. क्या पेयजल मंत्री अवगत है कि जनपद पिथौरागढ़ शहर हेतु बन रही सीवर लाईन का कार्य अपूर्ण हैं ? यदि हां, तो उक्त कार्य हेतु कुल कितने धन की स्वीकृति प्राप्त थी तथा स्वीकृत धन के सापेक्ष कुल कितने कि0मी0 कार्य पूर्ण हुआ है? क्या सरकार इस कार्य हेतु बनने वाले ट्रीटमेंट प्लांट के कार्य हेतु धन स्वीकृत करेगी? यदि हां तो कब तक? यदि नहीं, तो ट्रीटमेंट प्लांट के अभाव में पूर्व में बनी मल उत्सर्जन लाईन के बन्द (चोक) हो जाने पर विभाग क्या कोई कार्यवाही अमल लायेगा? | **पेयजल** |
| श्रीमती सरिता आर्या<br>18.12.2013 | *03. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के नगर पालिका भवाली के अन्तर्गत पेयजल योजना का पुनर्गठन किया जाना था जो अभी तक नहीं हुआ है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि भवाली पेयजल योजना का पुनर्गठन किया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री ललित फर्स्वाण<br>23.12.2013 | *04. | क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर के अन्तर्गत कौसानी के आस–पास पर्यटक नगरी में वर्षो पुरानी बिछी पेयजल लाईन के जीर्ण–शीर्ण होने के कारण पर्यटकों एवं स्थानीय लोगों को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है ? यदि हां तो क्या सरकार कौसानी के आस–पास के स्थानों के लिये कोई दीर्घ कालीन पेयजल योजना बनाये जाने हेतु विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक योजना लागू की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>23.12.2013 | *05. | क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कपकोट विधान सभा क्षेत्र जनपद बागेश्वर में कितने अनूसूचति जाति बाहुल्य क्षेत्रों के कितने गांवों को स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान के तहत पेयजल सुविधा से जोड़ा गया है व कितने अनूसूचित बाहुल्य गांव है, जो अभी तक पेयजल सुविधा से वंचित है ? क्या सरकार ऐसे गांवों को पेयजल योजना से जोड़ने हेतु विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |
| श्री मयूख महर<br>24.12.2013 | *06. | क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्र में विभाग द्वारा जो हैण्ड पम्प स्थापित किये गये थे, में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु पर्वतीय क्षेत्र में और हैण्ड पम्प लगाने हेतु विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>24.12.2013 | *07. | क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र में काण्डी परोगी पम्पिंग योजना की स्वीकृति हेतु सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |
| डा0 जीतराम<br>26.12.2013 | *08. | क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल ग्वालदम में सरकार पिंडर नदी से पम्पिंग पेयजल योजना बनाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>26.12.2013 | *09. | क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर के कोट भ्रामरी मंदिर डंगोली में चम्पावत, पिथौरागढ़, अल्मोड़ा व नैनीताल से आने वाले यात्रियों व श्रद्धालुओं की सुविधा व नंदा राजजात यात्रा के सफल आयोजन के लिए स्थानीय प्रशासन द्वारा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों व सामाजिक संगठनों के साथ समन्वय स्थापित करने हेतु सरकार द्वारा क्या प्रयास किये जा रहे हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पर्यटन** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>26.12.2013 | *10. | क्या उद्यान मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के काश्तकारों की नकदी फसलों एवं फलों के संरक्षण के लिए शीत गृह की व्यवस्था न होने के कारण काश्तकारों की फसलों एवं फलों का समय पर उचित मूल्य नहीं मिल पाता है ? यदि हां, तो क्या सरकार धनोल्टी में शीत गृह बनाने हेतु विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **उद्यान** |

श्री महावीर सिंह रांगड़
26.12.2013

*11. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत नागटिब्ब, देवलसारी, क्यारी सुरकन्डा एवं पत्थरखोला आदि स्थानों को पर्यटन एवं धार्मिक दृष्टि से विकसित करने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**पर्यटन**

श्री आदेश चौहान
27.12.2013

*12. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि हरिद्वार जनपद के विकास खण्ड बहादराबाद के ग्राम बहादराबाद की पेयजल योजना नं0 2 गत एक वर्ष से बोरिंग खराब होने के कारण बंद है जिस कारण ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार इस पेयजल योजना को पुनः चालू कराने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**पेयजल**

श्री आदेश चौहान
28.12.2013

*13. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि हरिद्वार नगर निगम क्षेत्र में कई गन्दे नाले सीधे गंगा नदी में गिर रहे हैं जिस कारण गंगा का जल प्रदूषित होता जा रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार इन गन्दे नालों को गंगा नदी में गिरने से रोकने के लिये कोई योजना बना रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**पेयजल**

## अतारांकित प्रश्न

श्री बंशीधर भगत
18.12.2013

01. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के कोटाबाग ब्लॉक स्थित राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, प्रतापपुर को राजकीय इण्टर कालेज के रूप में उच्चीकृत करने के सम्बन्ध में सरकार विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों ?

**शिक्षा**

श्री नवप्रभात
18.12.2013

02. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के विकास खण्ड विकासनगर के अन्तर्गत हरबर्टपुर (सहारनपुर रोड) के लिए मिनी पेयजल नलकूप (पाईप लाईन सहित) प्रस्तावित है ? यदि हां तो इस विषय में अभी तक क्या प्रगति की गई है ?

**पेयजल**

श्री आदेश चौहान
19.12.2013

03. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वित्तीय वर्ष 2010–11 तथा 2011–2012 में राज्य में अनेक हाई स्कूल तथा इण्टरमीडिएट कालेज खोलने हेतु सरकार ने स्वीकृति प्रदान की थी? यदि हां, तो कितने विद्यालयों का संचालन प्रारम्भ हो चुका है? क्या सरकार ने वर्ष 2012–13 तथा 2013–14 में विद्यालय संचालन हेतु आवश्यक वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है? यदि नही तो क्यों? क्या सरकार उक्त विद्यालयों को आवश्यक स्वीकृति प्रदान करने पर विचार कर रही हैं? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों?

**शिक्षा**

श्री आदेश चौहान
19.12.2013

04. क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि राज्य के अधिकांश प्राथमिक विद्यालय, उच्च प्राथमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों के बैठने हेतु फर्नीचर की व्यवस्था नहीं है तथा विद्यार्थी जमीन पर बैठकर पढ़ने को विवश है? यदि हां, तो क्या सरकार राज्य के उक्त विद्यालयों हेतु फर्नीचर दिये जाने की योजना पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों ?

**शिक्षा**

श्री मयूख महर

05. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ में र0म0शा0

**शिक्षा**

| | | |
|---|---|---|
| 20.12.2013 | के अन्तर्गत कितने विद्यालयों का उच्चीकरण किया गया है ? क्या उच्चीकरण करते समय इनमें शिक्षकों की कक्षा–कक्ष एवं अन्य कर्मचारियों की व्यवस्था की गयी थी तथा वर्तमान में क्या उक्त विद्यालय संचालित हैं ? यदि हां, तो कौन कौन से ? यदि नहीं, तो किन कारणों से बन्द हैं ? क्या सरकार इन कारणों का निराकरण कर इन्हें सुचारू रूप से संचालित करेगी ? यदि हां, तो कब से ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| श्री मयूख महर<br>20.12.2013 | 06. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ के रा0इ0का0 सल्ला का भवन निर्माण कितनी लागत में कब से किया जा रहा है ? क्या सरकार यह भी अवगत हैं कि उक्त निर्माण कार्य में भीषण अनियमिततायें होने के कारण भवन अभी तक अपूर्ण है ? यदि हां, तो क्या सरकार इस प्रकरण की जांच करने पर विचार कर रही है ? क्या जांच में कार्यदायी संस्था दोषी पायी गयी है ? यदि हां, तो उसके विरूद्ध अब तक क्या दण्डात्मक कार्यवाही की गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री नवप्रभात<br>20.12.2013 | 07. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के विकास खण्ड विकासनगर के अन्तर्गत ग्राम डाकपत्थर के केशवमाधवपुरम तथा सरस्वती बिहार के लिये मिनी पेयजल नलकूप (पाईप लाईन सहित) की योजना प्रस्तावित है ? यदि हां, तो इस विषय में अभी तक क्या प्रगति की गयी है ? | **पेयजल** |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>23.12.2013 | 08. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर के अन्तर्गत नव सृजित नगर पंचायत कपकोट में नई आवासीय कालोनियां विकसित होने व बागेश्वर शहर में जनसंख्या का दबाव लगातार बढ़ने के फलस्वरूप पेयजल की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार जनहित में एक नई पेयजल योजना का निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>23.12.2013 | 09. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2007–08 व वर्ष 2008–09 में जनपद बागेश्वर के विधान सभा क्षेत्र कपकोट में कुल कितने हैण्डपम्प लगाये गये ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2007–08 व 2008–09 में लगे हैण्डपम्पों में से कितने खराब पड़े हैं ? क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र कपकोट के खराब हैण्डपम्पों को यथाशीघ्र ठीक करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |
| श्री नवप्रभात<br>23.12.2013 | 10. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के विकासनगर नगर पालिका में सीवरेज सिस्टम के विस्तार की कोई योजना प्रस्तावित है ? यदि हां, तो इस विषय में अभी तक क्या प्रगति की गई है ? | **पेयजल** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>24.12.2013 | 11. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र जौनपुर वि0ख0 थौलधार में जून माह में हुई अतिवृष्टि से हुए विद्यालय भवनों की क्षति होने पर अभी तक कितने विद्यालय भवनों का पुनः निर्माण हुआ है तथा कितने विद्यालय भवनों पर अभी तक कार्य स्वीकृति नहीं हो पायी है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि जिन विद्यालय भवनों पर कार्य स्वीकृति नहीं हो पायी है उनमें कार्य स्वीकृति हो जायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री ललित फर्स्वाण 26.12.2013 | 12. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि रमसा के तहत विद्यार्थियों के गणवेश हेतु सरकार द्वारा दी जा रही धनराशि पर्याप्त है ? क्या मंत्री जी अवगत हैं कि दी जा रही धनराशि से 2 जोड़े गणवेश बन पाना सम्भव है ? यदि नहीं, तो क्या इस धनराशि को बढ़ाने हेतु कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ? | **शिक्षा** |
| श्री भीम लाल आर्य 27.12.2013 | 13. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य के मेहनत कश शिक्षा प्रेरकों का वेतन आदि बढ़ाने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 27.12.2013 | 14. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में सरकार जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत उच्चीकृत हाईस्कूलों एवं इन्टरमीडिएट विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 27.12.2013 | 15. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में वर्तमान सरकार द्वारा अभी तक बी0एड0, बी0पी0एड0 बेरोजगार अभ्यर्थियों के लिए कोई नियुक्ति, प्रक्रिया प्रारम्भ नहीं की गयी है जबकि बी0एड0, टी0ई0टी0 उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को एन0सी0टी0ई0 से मार्च 2014 तक ही विशिष्ट बी0टी0सी0 से प्राथमिक अध्यापक बनाने की छूट प्राप्त है ? यदि हां, तो क्या सरकार बी0एड0 एवं बी0पी0एड0 बेरोजगारों हेतु ऐसी कोई नियुक्ति प्रक्रिया पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री ललित फर्स्वाण 31.12.2013 | 16. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि अशासकीय विद्यालयों को रमसा के तहत धन अवमुक्त नहीं किया जाता है ? यदि हां, तो क्या अशासकीय विद्यालयों को रमसा के तहत धन अवमुक्त कराने के लिए कोई योजना केन्द्र सरकार को प्रेषित की गई है ? यदि हां, तो कब तक योजना अस्तित्व में आयेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री ललित फर्स्वाण 31.12.2013 | 17. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर में चाय उत्पादन की सम्भावनाओं के दृष्टिगत व लोगों को रोजगार प्रदान करने व पलायन रोकने हेतु चाय बागान विस्तारीकरण की योजना प्रस्तावित है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **उद्यान** |
| श्री ललित फर्स्वाण 31.12.2013 | 18. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के पर्वतीय हिमालयी क्षेत्रों में पैदा होने वाली जड़ी बूटियों के संग्रहण व विपणन हेतु सरकार द्वारा कोई योजना काश्तकारों के लिए बनाई जा रही है ? यदि हां, तो क्या तथा कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **उद्यान** |
| श्री ललित फर्स्वाण 31.12.2013 | 19. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि सर्वशिक्षा अभियान के तहत प्रदेश में संचालित विद्यालय वर्ष 2013 में अभियान की अवधी पूर्ण होने पर स्वतः समाप्त हो जायेंगे ? यदि हां, तो इन विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों की शिक्षा के लिए सरकार क्या योजना बना रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री आदेश चौहान | 20. क्या संस्कृत शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि राज्य में संस्कृत विश्व विद्यालय | **संस्कृत शिक्षा** |

19.12.2013 स्थापित किया गया है ? यदि हां, तो संस्कृत विश्व विद्यालय के द्वारा कितने महाविद्यालयों को मान्यता दी गयी तथा संचालन किया जा रहा है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि महाविद्यालयों में विभिन्न संवर्गों के कितने पद सृजित हैं तथा कितने पद रिक्त है ? क्या सरकार की उपरोक्त रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु कोई योजना है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?